प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 28.09.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से वोकल फॉर लोकल के मंत्र को स्मरण रखते हुए आगामी त्यौहारों के मौसम को स्वदेशी उत्पादों के साथ मनाने की अपील की है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम की 126वीं कड़ी में उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में कई त्यौहार हैं और जीएसटी बचत उत्सव भी चल रहा है। श्री मोदी ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों को खरीदने से परिवार में तो खुशी आयेगी ही, कारीगरों के परिश्रम का भी सम्मान होगा और युवा उद्यमियों के सपनों को पंख भी लगेंगे।

प्रधानमंत्री ने अपने मन की बात कार्यक्रम में आदिवासी संस्कृति और बुनाई को अन्तरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने के लिए झारखंड के आशीष सत्यव्रत साहू और मिथिला पेंटिंग के कारीगरों की सराहना की।

इधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना के बाद जोहारग्राम के आशीष सत्यव्रत साहू ने धनयवाद दिया है और इस उपलब्धि को अपनी पूरी टीम को समर्पित किया है–

*******************

लोहरदगा जिले उपायुक्त डॉ ताराचंद के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम कार्यक्रम के तहत एक दिन एक घंटा श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

*******************

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जेल में बंद नेक्सजेन ऑटोमोबाइल के मालिक विनय सिंह के छह ठिकानों पर छापेमारी की है। यह कार्रवाई हजारीबाग में वन भूमि की अवैध जमाबंदी मामले में की जा रही है, जिसकी पुष्टि एडीजी प्रिया दुबे ने की। गौरतलब है कि विनय सिंह को एसीबी ने 25 सितंबर को गिरफ्तार किया था, उन पर सरकारी अधिकारियों के साथ षड्यंत्र कर गैर–मजरूआ खास और जंगल–झाड़ी भूमि की अवैध जमाबंदी कराने का आरोप है।

*******************

राज्यभर में हर्षोल्लास के साथ दुर्गा पूजा का त्योहार मनाया जा रहा है। आज मां कात्यायनी की पूजा की जा रही है। वहीं प्राचीन परंपरा के तहत सरायकेला राजा प्रताप आदित्य सिंहदेव द्वारा श्रीश्री पब्लिक दुर्गा पूजा मंडप में संकल्प लेने के पश्चात राजमहल स्थित शस्त्रागार खोला जाएगा। इसके बाद राज परिवार के सभी सदस्य शस्त्र धारण करते हुए खाली पांव पैदल चलकर खरकई नदी के माजना घाट पहुंचेंगे, जहां विधि–विधान के साथ शस्त्रों को खरकई नदी के जल में धोया जाएगा। इसके बाद वनदुर्गा का आह्वान कर पूजा–अर्चना की जाएगी।

*******************

लोहरदगा में नवरात्रि के अवसर पर कल गुदरी बाजार में डांडिया नाइट का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों लोगों ने गरबा और डांडिया नृत्य में भाग लिया। बाहर से आए कलाकारों की प्रस्तुतियों और स्थानीय झांकी ने कार्यक्रम को आकर्षण का केंद्र बना दिया।

*******************

मौसम विभाग के अनुसार राजधानी रांची में 30 सितंबर तक धूप के साथ आकाश में बादल छाये रहेंगे। वहीं दोपहर बाद कहीं–कहीं हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की

खाड़ी में 1 अक्तूबर को एक बार फिर निम्न दबाव वाला क्षेत्र बनने की संभावना है, जिससे 2 और 3 अक्तूबर को कहीं–कहीं वज्रपात के साथ भारी बारिश हो सकती है.

*******************

एशिया कप टी–20 क्रिकेट के फाइनल में आज भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से खेला जाएगा। एशिया कप के 41 वर्ष के इतिहास में पहली बार यह दोनों टीमें फाइनल में आमने–सामने होंगी। भारत अब तक आठ बार एशिया कप का खिताब अपने नाम कर चुका है। इस बार के टूर्नामेंट में दोनों टीमे तीसरी बार आमने सामने होंगी।

*******समाप्त***********